इन्क़िलाबी नज़र

लखनऊ

रंगोली में उकेरा विकसित भारत का सपना

लखनऊ (सं)। रंगों और कलात्मकता के जरिए देश के विकास की तस्वीर पेश करते हुए एरा यूनिवर्सिटी के छात्रों ने आकर्षक रंगोली बनाई। इसमें केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने के साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को रचनात्मक रूप दिया गया।

एरा विश्वविद्यालय के विभूति आदर्श कलम की ओर से तैयार इस रंगोली के केंद्र में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को उकेरा गया। इससे निकलती सुनहरी किरणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को समर्पित गोलाकार आकृतियों से जोड़ा गया। इनमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, डिजिटल इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान सहित अन्य प्रमुख पहल शामिल रहीं। रंगोली के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि सरकारी योजनाएं नागरिकों के जीवन में सुधार, वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, डिजिटल सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन पहलों को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अहम कदम बताया गया। छात्रों की इस रचनात्मक पहल में देश के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की भावना दिखाई दी। रंगोली ने कला के माध्यम से सरकारी योजनाओं और विकास के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।